राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की पहल पर राजभवन में अभियान के तहत 51 पौधे लगाए गए

‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के अंतर्गत राज्यपाल श्री मिश्र ने किया वृक्षारोपण

जयपुर, 11 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरुवार को राजभवन में श्एक पेड़ मां के नामश अभियान के अंतर्गत कपूर वृक्ष का रोपण किया। राज्यपाल श्री मिश्र की पहल पर राजभवन के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा भी इस अभियान के तहत राजभवन में 50 नीम के पौधे लगाए गए।

वृक्षारोपण करते हुए राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल पर आरंभ यह अनूठा अभियान है। उन्होंने नागरिकों से अभियान के तहत अधिकाधिक पेड़ लगाने के साथ ही उनका संरक्षण किए जाने का भी आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का हमकृसबको प्रदत्त अनुपम उपहार हैं। पेड़कृपौधे धरती का श्रृंगार हैं। ‘एक पेड़ मां के नाम’ के अंतर्गत हम पेड़ लगाकर अपनी मां के प्रति तो श्रद्धा व्यक्त करते ही हैं, धरती मां के लिए भी यह हमारी प्रतिबद्धता का सूचक है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के खतरों से बचने और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण कर धरती को हरीतिमा से आच्छादित करने पर जोर दिया।